# कल्याण सदस्य सहायता योजना

## कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर

## जिला-दुर्ग

### सचिवीय-प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष महोदय, पदाधिकारी एवं सदस्यगण,

सदस्य सहायता योजना के 39वें वार्षिक सामान्य सभा अवसर पर आप सभी सम्मानीय सभासदों एवं उपस्थित महानुभावों का हार्दिक अभिनंदन है । पिछली सामान्य सभा के पश्चात् सदस्य सहायता योजना ने जो प्रगति की है, उसका विवरण प्रस्तुत करते हुये संचालक मण्डल सदस्यों का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है । प्रगति विवरण तैयार करने का आधार इस योजना की उत्कृष्ट कार्य पद्धति, परिणाम-मूलक, कार्यसंस्कृति, पारदर्शिता एवं शत्-प्रतिशत प्रमाणिक विश्वसनीयता है । इस वर्ष का प्रगति विवरण निम्नानुसार है ।

सदस्यता :- वर्तमान में कुल सदस्यों की संख्या 181 है, जिनमें से कल्याण महाविद्यालय के 49 नियमित कर्मचारीगण सम्मिलित हैं । इसी तरह छत्तीसगढ़ कल्याण समिति के 19 सम्माननीय महानुभव है तथा कल्याण शिक्षा महाविद्यालय अहेरी के 27 कर्मचारी योजना से जुड़े हैं । अन्य सदस्यों की संख्या 86 हैं ।

अंश राशि :- वर्तमान में योजना की कुल अंशराशि 13,38,631.00/- रूपये है ।

ऋण राशि :- वर्तमान सत्र में सदस्यों को रू. 1,95,000.00/- रूपये का ऋण सुगमता एवं तत्परता के साथ उपलब्ध कराया गया है ।

ब्याज :- वर्तमान सत्र में रू. 40,165.00/- रूपये का ब्याज प्राप्त हुआ है ।

सदस्य सहायता योजना का संपूर्ण कार्य निःस्वार्थ भावना से सामाजिक प्रतिबद्धता को मानवसेवा को आधार मानकर संपादित किया जा रहा है । आर्थिक दृष्टिकोण से योजना का प्रशासकीय एवं प्रबंधकीय व्यय शून्य है, जो अपने आप में राष्ट्र तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए प्रेरणास्पद है । निश्चितरूप से यह समग्र समाज के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण है । इसे विडंबना ही माने कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रशासकीय खर्च लगभग 80-85 प्रतिशत तक बढ़ चुका है, जिसके परिणाम स्वरूप विकास की गति अपेक्षित परिणाम से कम है । मितव्ययिता, संयम, सौहार्द्र आज की सबसे बड़ी समाजिक आवश्यकता है, जिसे अपनाकर सदस्य सहायता योजना कार्य कर रहा है, हमारी यह कार्य संस्कृति संपूर्ण समाज के लिए दिशा दर्शक सिद्ध होगी ।

क्रमश : 2........

Scanned with CamScanner

उपस्थित महानुभावों को बताना चाहता हूँ कि सदस्यो को मात्र 1% ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है, सदस्यों के आर्थिक हित को ध्यान में रखते हुए विगत 9 वर्षो से ब्याज की दर को 2% प्रतिमाह से घटाकर 1% किया गया है । कुछ ऐसे सदस्य जो अत्यन्त आकस्मिक आवश्यकता के समय अत्यधिक ब्याज दर पर ऋण लेने के लिए बाध्य हो जाते थे, उन्हे इस योजना से 1% प्रतिमाह ब्याज दर के हिसाब से ऋण दिया जा रहा है, जिससे सदस्यों को आर्थिक क्षति से मुक्ति मिली है ।

सदस्य सहायता योजना का मूल दर्शन सदस्यों की सेवा करते हुए अकस्मिक आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप न्यूनतम ब्याज दर पर आर्थिक मदद करना है, न कि व्यवसायिक दृष्टिकोण से अधिक ब्याज अर्जित करना । यह सदस्य सहायता योजना की सार्वभौमिक कार्य पद्धति है ।

इस वर्ष संचालक मण्डल अपने सदस्यों की 3% लाभांश देने की घोषणा करता है, अभी सामान्य सभा के अनुमोदन के पश्चात् यह लाभांश राशि सदस्यों को वितरित की जावेगी । पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी वित्तीय विवरण तैयार किया गया है, जो कि अपने आप में स्पष्ट है, फिर भी मानवीय त्रुटि एक स्वाभाविक प्रकिया है, जिसको स्वीकारते हुये सदस्यों से आग्रह है कि वित्तीय लेखों में किसी भी प्रकार के सुधार एवं परिवर्तन की आवश्यकता महसूस करते हैं तो तत्परता के साथ संचालक मण्डल की जानकारी में लावेंगें । ताकि इस पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके ।

यह हमारी निःस्वार्थ सेवा भावना एवं विश्वसनीय कार्य पद्धति का एक अद्वितीय उदाहरण है, जिसमें हम यह सिद्ध करने का प्रयास कर रहे है, साथ ही आपके द्वारा प्रतिपादित विश्वास का निर्वहन करने में अपने आपको सक्षम एवं समर्थ बना पा रहे हैं । सदस्य सहायता योजना में सामाजिक सुरक्षा, सौहार्द्र, वसुधैव कुटुम्बकम, सहयोग एवं सेवा समर्पण का अमूल्य दर्शन निहित है, जिसके आधार पर हम जुड़े है और साथियों को जोड़ रहे है तथा विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं ।

इस वर्ष सदस्य सहायता योजना के अंतर्गत सदस्यों को उनकी सामायिक आवश्यकता के अनुरूप पारिवारिक सदस्यों के ईलाज, बच्चों की उच्च शिक्षा की पढ़ाई, मकान मरम्मत, जमीन खरीदी, कृषि कार्य, विवाह आदि हेतु ऋण सुविधा तत्परता एवं संवेदन शीलता के आधार पर उपलब्ध कराया गया है, इससे हमारी संस्थागत् सामाजिक सुरक्षा का भावना प्रदर्शित होती है ।

क्रमशः 3.......

Scanned with CamScanner

मैं परम आदरणीय श्री रोहित कुमार यादव अध्यक्ष छ.ग. कल्याण समिति का आभारी हूँ, जिनके मार्ग दर्शन में योजना का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है । मै आभारी हूँ जे.एल.सोनी सचिव महोदय का तथा योजना के सफल संचालन में कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.के.साहू का सहयोग स्वागत योग्य है । मैं आभार व्यक्त करता हूँ महाविद्यालय के उप-प्राचार्य प्रो.वाय.पी.पटेल के प्रति । मैं अत्यंत आभारी हूं महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ.आर.पी. अग्रवाल का जिनके मार्गदर्शन के विना योजना का संचालन असंभव है । छ.ग. कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारियों सहित समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ । महाविद्यालय के सभी संकायों के संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं समस्त प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ । कल्याण शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ईश्वर सिंह ठाकुर के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके प्रेरणा से महाविद्यालय के सभी कर्मचारीगण योजना से जुड़े है । सदस्य सहायता योजना के संचालक मण्डल के सदस्य श्री के.एन.अग्रवाल, श्री रामसेवक ठाकुर, सहित उपस्थित समस्त सभासदों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ । कल्याण महाविद्यालय के सहयोगी साथी श्री चिम्मन लाल सोन्ड्रे के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, साथ ही महाविद्यालय के समस्त कार्यालयीन स्टाफ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ । शिक्षा महाविद्यालय अहेरी के लिपिक श्री पुखराज साहू तथा कल्याण महाविद्यालय के कार्यालयीन कर्मी श्री गणेश राम ठाकुर के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ ।

अंत मे आपसे अनुरोध करते हुए आप सभी सभासदों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि भविष्य में आपकी आकांक्षाओं एवं भावनाओं के अनुरूप कार्य करने का प्रयास करूंगा ।

पुनः समस्त सम्माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अपना सुझाव एवं मार्गदर्शन के लिए निवेदन करता हूँ । नव वर्ष एवं मकर संक्राति की हार्दिक शुभकामनाएँ, देते हुए आप सभी सम्माननीय सभासदों को मेरा सादर नमस्कार है ।

(नववर्ष एवं मकर संक्राति की हार्दिक शुभकामनाएँ के साथ)

दिनॉक :- 14/01/2021

**एस.एन.शुक्ला**
**सचिव**
**सदस्य सहायता योजना**

Scanned with CamScanner

**कल्याण सदस्य सहायता योजना**

**कल्याण महाविद्यालय, भिलाई नगर**

**वित्तीय विवरण वर्ष - 2020**

प्राप्त (रूपये) शोधन (रूपये)

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक राशि | 1111871.00 | कुल प्रदत्त ऋण | 1148231.00 |
| सदस्यों से प्राप्त अंश राशि | 138760.00 | अंशदान वापसी | 139760.00 |
| ऋण वसूली | 88000.00 | पी.एन.बी. में जमा राशि | 50685.00 |
| ऋणों पर ब्याज | 40165.00 | वितरण योग लाभांश | 40165.00 |
| ऋण फार्म विक्रय | 45.00 | | |
| योग | **1378841.00** | योग | **1378841.00** |

(के.एन.अग्रवाल)
कोषाध्यक्ष
कल्याण सदस्य सहायता योजना

(एस.एन.शुक्ला)
सचिव
कल्याण सदस्य सहायता योजना

Scanned with CamScanner